| |
|---|
| अत्यंत महत्वपूर्ण<br>वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 |

पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–491/21 – के०-95

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : २४/01/2023

**विषयः वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा के गोपनीय सामग्री समिति के प्रतिनियुक्त विशेष दूत को हस्तगत् कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः** समिति कार्यालय पत्रांक–(i) केन्द्रीय (मा0)–491/2021, के0 1220, दिनांक 15.12.2022
(ii) केन्द्रीय (मा0)–491/2021, के0 1221, दिनांक 15.12.2022
(iii) विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 11/2023 (ज्ञापांक– केन्द्रीय (मा0)–491/21, के0 43, दिनांक 11.01.2023, एवं
(iv) पत्रांक–केन्द्रीय (मा0)–491/21, के0 46, दिनांक 12.01.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का कृपया निदेश किया जाय। इन पत्रों के द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के इंटरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा **(दिनांक 19.01.2023 से 21.01.2023 तक संचालित)** के गोपनीय सामग्री **समिति कार्यालय पत्रांक–केन्द्रीय (मा0)–491/2021, के0 1220, दिनांक 15.12.2022 के द्वारा निर्गत निदेश के अनुरूप** विधिवत् पैकिंग में **दिनांक 24.01.2023 तक** आपके कार्यालय में जमा करने/कराने हेतु आपके साथ–साथ सभी विद्यालय प्रधान से अनुरोध किया जा चुका है।

2. उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा के गोपनीय सामग्री यथा–उत्तरपुस्तिका की अवार्डशीट, उपस्थिति पत्रक (कम्प्यूटर एवं कार्यालय प्रति), अनुपस्थिति पत्रक, स्टैण्डर्ड मार्क्सफवायल के कम्प्यूटर प्रति एवं कार्यालय प्रति तथा विज्ञान विषय के इन्टरनल एसेसमेन्ट के कम्प्यूटर प्रति तथा कार्यालय प्रति एवं सामाजिक विज्ञान विषय के प्रोजेक्ट वर्क एवं लिट्रेसी एक्टिविटी के स्टैण्डर्ड मार्क्सफवायल के कम्प्यूटर प्रति तथा कार्यालय प्रति एवं अन्य सामग्री अलग–अलग व्यवस्थित पैकिंग में प्राप्त कर लाने हेतु समिति द्वारा प्रतिनियुक्त विशेष दूत आपके कार्यालय में **दिनांक 27.01.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे** उपस्थित रहेंगे। यदि आवश्यकता होगी, तो अगले दिन भी **दिनांक–28.01.2023** को रूककर गोपनीय सामग्री विद्यालयवार मिलान कर प्राप्त करेंगे तथा इसे भाड़े के वाहन से समिति कार्यालय में लायेंगे, जिसमें आपकी सहयोग अपेक्षित है।

3. स्पष्ट किया जाता है कि यह सामग्री परीक्षाफल तैयार करने के दृष्टिकोण से समिति को नितांत आवश्यक है। इसलिए किसी भी विद्यालय के उक्त सामग्री समिति के विशेष दूत को अप्राप्त न रहे। इस निमित्त आपके स्तर पर अनिवार्य रूप से आवश्यक कार्रवाई अपेक्षित है ताकि आपके जिलान्तर्गत निर्दिष्ट सभी विद्यालय के गोपनीय सामग्री समिति के प्रतिनियुक्त विशेष दूत को सही–सही व्यवस्थित पैकिंग में उक्त अवधि **(दिनांक 27.01.2023 से 28.01.2023 तक)** में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो सके। इस पूरी प्रक्रिया में कोविड–19 के SOP (Standard Operating Procedure) तथा कोविड अनुकूल व्यवहार का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा।

4. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि उपर्युक्त आलोक में अपने जिलान्तर्गत निर्दिष्ट सभी विद्यालयों के उक्त गोपनीय सामग्री प्रतिनियुक्त विशेष दूत को **दिनांक 27.01.2023 से 28.01.2023 तक** अचूक रूप से प्राप्त करना/कराने की कृपा की जाय।

5. कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,

24.01.23

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

24/1/23 24/1/23 24/1/23

(कृ०पृ०उ०)

Letter C1_23_117

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–491/21 –कें०-95/पटना, दिनांक : 24 / 01 /2023